गाँधी जयंती के उपलक्ष पर संस्थान के प्रांगण में जरूरतमंद लोगों को खाद्य सामग्री एवं मास्क वितरण का सौभाग्य मिला। साथ ही ज्योतिगमय सेवा संस्थान द्वारा चलाये जा रहे दिव्यांग बच्चों के विद्यालय को भी अवलोकन किया। निस्वार्थ भाव से दिव्यांग बच्चों की सेवा करने का एक अनुपम उदाहरण देखने को मिला

02/10/2020

SDM Pushkar

Scanned with CamScanner



# कार्यालय ग्राम पंचायत बबायचा

पंचायत समिति-अजमेर ग्रामीण घूघरा, जिला-अजमेर

हरिकिशन
सरपंच
Mob.: 9983792648

निवास स्थान
ग्राम हरिपुरा, बबायचा
तह. व जिला अजमेर

क्रमांक (25)

दिनांक 07-04-2020

धन्यवाद पत्र

आज दिनांक 7/04/2020 को ज्योतिर्गमय सेवा संस्थान पुष्कर द्वारा ग्राम बबायचा के जरूरत मन्द परिवार को राशन सामग्री (10 kg आटा, तेल, नमक, चाय, शक्कर, साबुन, दाल) इत्यादि सामान का वितरण किया गया अतः ग्राम पंचायत बबायचा संस्थान का धन्यवाद ज्ञापित करती है। एवम संस्थान के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

हरिकिशन
सरपंच
ग्राम पंचायत बबायचा
पं.स. श्रीनगर (अजमेर)

# न्यूज़ पेपर कटिंग

दैनिक नवज्योति

अजमेर, शनिवार, 22 जून, 2019

दिव्यांग सेवा में अग्रणी ज्योतिर्गमय सेवा संस्थान में दिव्यांग बच्चों ने योगाभ्यास किया। स्वामी गंगानंद, स्वामी जयनाथानंद, योगा विशेषज्ञ डा0 नरेश चेतन भंभानी, दिनेश पाराशर, डा. एनके पिनोलिया, चन्द्रकान्ता शर्मा की मौजूदगी में शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। डा. नरेश व डॉ. एनके पिनोलिया ने कमेटी के साथ सरल पद्धति से योगा के विभिन्न आसन व प्राणायाम करवाए। वहीं दिनेश पाराशर द्वारा विभिन्न स्थानों पर विभिन्न समय पर गाए जाने वाले विभिन्न रागों एवं म्यूजिक थेरेपी के प्रभाव को बताया गया। अंत में संस्थान की संचालिका वेदप्रभा द्वारा योग के प्रचार-प्रसार व स्वास्थ्य पर इसका विशेष प्रभाव को बताया। संचालन प्रीतम ओझा ने किया। इस दौरान अनिता, समंदर, मनीष, राहुल, निर्मला व कैलाश आदि ने विशेष सहयोग किया।

दैनिक भास्कर, अजमेर, मंगलवार, 2 जुलाई 2019

## दिव्यांग बच्चों को सामग्री बांटी

पुष्कर | ज्योतिर्गमय सेवा संस्थान पुष्कर की इकाई पुनर्वास केंद्र पर सोमवार को समाजसेवी हरीश खत्री की धर्मपत्नी एवं संस्थान की विशिष्ट सदस्या मधु खत्री ने अपने पुत्र की पुण्यतिथि पर दिव्यांग च्चों को खाना खाने के लिए खंडवारी प्लेटें, चम्मच, गिलास समेत आवश्यक सामग्री भेंट की। इस दौरान गंगा खत्री, हेमलता एवं चंद्रकांता शर्मा मौजूद थी। संस्थान अध्यक्ष जुगल किशोर एवं वेद प्रभा सेन ने संस्थान परिवार की ओर से आभार जताया।

राजस्थान पत्रिका . अजमेर, बुधवार, 18 सितम्बर, 2019

patrika.com

## एक पेड़ एक जिन्दगी कार्यक्रम आयोजित

पुष्कर @ पत्रिका. बामदेव मार्ग पर संचालित ज्योतिर्गमय सेवा संस्थान में मंगलवार को एक पेड़ एक जिंदगी की तर्ज पर भारत सेवा आश्रम के महंत पूज्य गंगानंद के सान्निध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्थान सचिव वेदप्रभा निमरानिया ने दिव्यांग बच्चों को लेकर की जा रही सेवा पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि एसडीएम देविका तोमर व पालिका अधिशासी अधिकारी अभिषेक गहलोत ने भी विचार व्यक्त किए। अरुण पाराशर, पूर्व पालिका अध्यक्ष जनार्दन शर्मा, पं. कैलाश नाथ दाधीच ने कार्यक्रम की शुरुआत की।

दैनिक नवज्योति
अजमेर, गुरुवार, 15 अगस्त 2019



पुष्कर

## दिव्यांगों ने बांधी राखी

पुष्कर। दिव्यांगों की सेवा में अग्रणी ज्योतिर्गमय सेवा संस्थान में आजादी का पर्व एवं रक्षाबंधन पर्व बुधवार को मनाया गया। कार्यक्रम में एसडीएम देविका तोमर व अधिशाषी अधिकारी रेखा जेसवानी ने दीप प्रज्ज्वलन किया। कार्यक्रम में एसडीएम व ईओ के अलावा भारत सेवाश्रम के स्वामी, चेतन खत्री, अभिषेक पाराशर, मोहित नंदवानी, जसवीर सिंह सरदार ने दिव्यांग से राखी बंधवाकर उन्हें फल उपहार स्वरूप भेंट किए। संस्था सचिव वेदप्रभा सेन ने संस्थान के क्रियाकलापों पर प्रकाश डाला। संचालन कविता पाराशर ने किया। इस मौके पर प्रीतम सर, राहुल सर, मीनाक्षी शर्मा, दिनेश पाराशर आदि मौजूद थे। इधर, प्रज्ञा सीनियर सैकेण्डरी स्कूल पुष्कर में रक्षाबंधन का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रिंसिपल सरिता तापड़िया ने पर्व की महत्ता बताई। इस दौरान अध्यापिका रेखा शर्मा, कुसुम पारीक, गुलाब कंवर आदि मौजूद थे। हनुमान गली स्थित जेएमएस स्कूल के संचालक अरविंद सरवाड़िया की मौजूदगी में पर्व बनाया गया। छात्राओं ने पुलिस थाने पहुंचकर डीएसपी ग्रामीण विनोद कुमार, थानाधिकारी हेमेंद्र शर्मा समेत अधीनस्थ पुलिस जवानों की कलाईयों पर राखियां बांधी तथा उनका मुंह मीठा कराया। इसी प्रकार भारत सेवा आश्रम में संचालित ज्योतिर्गमय सेवा संस्थान में अध्ययनरत दिव्यांग बालिकाओं ने उपखंड अधिकारी कार्यालय में देविका तोमर, नगर पालिका कार्यालय में ईओ रेखा जेसवानी समेत कई सामाजिक कार्यकर्ताओं व प्रबुद्धजन की कलाइयों पर राखियां बांधी। संस्थान सचिव वेद प्रभा सेन ने उपयोगी जानकारी दी। पुराने रंगजी मंदिर में संचालित उम्मीद केयर सेंटर ब्रह्मकुमारी संस्थान की ओर से पर्व मनाया गया। बहनों ने सेंटर में अध्ययनरत दिव्यांग बालकों की कलाईयों [illegible] बांधे और मिठाईयां खिलाई। इसके अलावा विभिन्न शिक्षण संस्थानों में रक्षा बंधन पर्व मनाया गया।

अजमेर, शुक्रवार 27 सितंबर, 2019

## तीन संस्थाओं को जमीन आवंटन करने की मांग

पुष्कर | पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री नसीम अख्तर इंसाफ ने जिला कलेक्टर को पत्र प्रेषित कर पुष्कर में सामाजिक व शैक्षणिक क्षेत्र में कार्य कर रही तीन विभिन्न संस्थाओं को जमीन आवंटन करने की मांग की है। पूर्व राज्यमंत्री नसीम ने बताया कि वेदमाता गायत्री ट्रस्ट व फाउंडेशन पियोर दी लोटो इंडिया एवं दिव्यांगों की सेवा में समर्पित ज्योतिर्गमय सेवा संस्थान बालिका शिक्षा व अन्य शैक्षणिक क्षेत्र में पिछले लंबे समय से कार्य कर रही है। पत्र में विभिन्न समाजों को भी धर्मशाला निर्माण के लिए नियमानुसार जमीन आवंटन करने की मांग की है।

राजस्थान पत्रिका . अजमेर, मंगलवार, 27 अगस्त, 2019
patrika.com

## दिव्यांग बच्चों ने मनाई जन्माष्टमी



**पुष्कर @ पत्रिका.** बामदेव मार्ग स्थित भारत सेवाश्रम परिसर में सोमवार को दिव्यांग सेवा में लगी ज्योतिर्गमय सेवा संस्थान की ओर से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होटल हेली के गोपाल सिंह जोधा, भारत सेवा आश्रम के छोटे स्वामी जी थे। संस्थान सचिव वेदप्रभा सेन से दिव्यांग स्कूल के बारे में बताया। बच्चों ने हांडी फोड़ी व नृत्य किया। इसके पूर्व भगवान श्रीकृष्ण के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रीतम ने किया।

## शिक्षक दिखाते हैं सही राह



पुष्कर में शिक्षकों का सम्मान करते दिव्यांग छात्र छात्राएं।

16 सितम्बर, 2019 ब्रह्म पुष्कर

# दिव्यांग स्कूल में

पुष्कर - शिक्षक दिवस पर पुष्कर की दिव्यांग सेवा में अग्रणी ज्योतिर्मिय सेवा संस्थान में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे छात्र छात्राओं ने शिक्षको को माला पहनाकर सम्मान किया उसके पूर्व पत्रकार दिनेश जी पराशर ने दीप प्रज्वलित किया व डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी को इस दौरान संस्थान की सचिव वेदप्रभा निमरानियां ने बच्चो को शिक्षक दिवस के बारे में बताया साथ ही वोकेशनल अध्यापक कविता पाराशर ने भी बच्चो को डॉक्टर राधाकृष्णन के जीवन के बारे परिचित करवाया इस दौरान केंद्र की सचिव ने सभी शिक्षकों को माला पहनाकर सम्मान किया व सभी बच्चों ने शिक्षकों को उपहार दिया और शिक्षकों द्वारा बच्चों को टॉफियां स्वरूप मिठाई बांटी। मीनाक्षी शर्मा, शारदा सिंगोदिया, अनीता सम्मदर, प्रीतम सर राहुल सर शामिल थे कार्यक्रम का संचालन केन्द्र के उप प्रधानाध्यापक प्रीतम ओझा ने किया।

Scanned by CamScanner

राष्ट्रदूत अजमेर, 14 सितम्बर, 2019

सार-समाचार

## पावणों ने राजस्थानी धुन बजाई



पुष्कर,(निसं)। विदेशी पर्यटकों ने पुष्कर की ज्योतिर्मिय सेवा संस्थान में स्वर लहरियां बिखेरी। यहां वामदेव रोड पर सेवाभाव से संचालित ज्योतिर्मिय सेवा संस्थान में इंग्लैण्ड से पुष्कर घूमने आए विदेशी [illegible] व शिक्षक एवं [illegible] तथा [illegible] ने संस्थान का अवलोकन किया। तीनों ही इंग्लैण्ड में दिव्यांग बच्चों के विशेष शिक्षक है यह तीनों ही विदेशी शिक्षकों ने प्रतिदिन [illegible] संगीत व शिक्षा प्रशिक्षण कक्षाओं की विशेष व्यवस्थाओं को देखकर खूब प्रभावित हुए। यहां ज्योतिर्मिय सेवा संस्थान में वोकेशनल, संगीत, नृत्य और अन्य गतिविधियों को देखकर खूब प्रभावित हुए बच्चों की अन्य गतिविधियों को देखकर राजस्थानी वाद्य यंत्र [illegible] धुन बजाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। संस्थान की सचिव वेदप्रभा निमरानिया संस्थान के सदस्य दिनेश पराशर व वोकेशनल शिक्षिका कविता पाराशर, [illegible] सीनू शर्मा संस्थान के उप प्रधानाध्यापक प्रीतम ओझा, विशेष शिक्षक राहुल [illegible] व शारदा सिंगोदिया, अनिता सम्मदर, शर्मा माधुरी मौजूद थे।

Scanned by CamScanner

राष्ट्रदूत अजमेर, 27 सितम्बर, 2019

## दिव्यांग बच्चों को भोजन कराया



पुष्कर,(निसं)। पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पुष्कर के ज्योतिर्मिय सेवा संस्थान में पुष्कर के प्रसिद्ध ज्योतिषी पंडित कैलाश नाथ दाधीच ने दिव्यांग बच्चों को भोजन कराया। पंडित कैलाश नाथ दाधीच ने बताया कि श्राद्ध पक्ष में पूर्वजों की शांति के लिए ब्राह्मणों के अलावा दिव्यांग बच्चों को भी रुचिकर भोजन कराने से पूर्वजों की आत्मा को शांति मिलती है। भोजन के बाद पंडित कैलाश नाथ दाधीच ने बच्चों को फल व दक्षिणा भी भेंट की। ज्योतिर्मिय सेवा संस्थान के सचिव वेदप्रभा नीमरानिया ने बताया कि इस दौरान संस्थान के वाइस प्रिंसिपल प्रीतम ओझा, कविता पाराशर, शारदा सिंगोदिया, शर्मा माधुरी, अनिता सम्मदर, राहुल सर, सुनीता वर्मा, निर्मला वैष्णव सहित पूरा स्टाफ मौजूद था।

Scanned by CamScanner

राष्ट्रदूत अजमेर, 18 सितम्बर, 2019

## दिव्यांगों की सेवा ही सच्ची व सबसे बड़ी सेवा : एसडीएम तोमर



पुष्कर के ज्योतिर्मिय सेवा संस्थान में एसडीएम देविका तोमर को संस्थान सचिव वेद प्रभा व दिनेश पाराशर ने [illegible] भेंट की।

- संस्थान के छात्र छात्राओं ने पर्यावरण, जल संरक्षण पर कार्यक्रम प्रस्तुत किए
- पुष्कर एसडीएम देविका तोमर ने कार्यक्रम की सराहा

[illegible]

Scanned by CamScanner

# प्रभु सेवा से बढ़कर दिव्यांगों की सेवा

न्यूज सर्विस/नवज्योति, पुष्कर



दिव्यांग सेवा में अग्रणी ज्योतिर्गमय सेवा संस्थान में मंगलवार को सम्मान समारोह व एक पेड़ एक जिंदगी की तर्ज पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारत सेवा आश्रम के महंत गंगानंद महाराज के सानिध्य में आयोजित समारोह की मुख्य अतिथि पुष्कर एसडीएम देविका तोमर थी जबकि अध्यक्षता नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी अभिषेक गहलोत ने की। वामदेव रोड पर स्थित भारत सेवाश्रम में संचालित ज्योतिर्गमय सेवा संस्थान में एसडीएम देविका तोमर एवं अधिशासी अधिकारी अभिषेक गहलोत द्वारा एक पेड़ एक जिंदगी की तर्ज पर पौधरोपण कर ट्री गार्ड भी लगाए। संस्थान सचिव वेदप्रभा ने संस्थान का संक्षिप्त परिचय दिया। एसडीएम तोमर व अधिशासी अधिकारी अभिषेक गहलोत ने कहा कि दिव्यांगों की सेवा प्रभु सेवा के समान ही है ऐसे में जीवन में समय मिलने पर इनकी सेवा करने पर जोर दिया। संस्थान अध्यक्ष जुगल किशोर सेन व सचिव वेदप्रभा निमरानीया ने अतिथियों का स्वागत किया। छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण जल संरक्षण पर कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता अरुण पाराशर, पूर्व पालिकाध्यक्ष जनार्दन शर्मा, ज्योतिषी पंडित कैलाशनाथ दाधीच, संस्थान के सदस्य दिनेश पाराशर, चेतन खत्री, अभिषेक शर्मा, महावीर गुर्जर, गोपाल सिंह, संस्थान की शिक्षिका कविता पाराशर, शारदा सिंगोदिया, अनिता समुद्र, मीनू शर्मा, माधुरी शर्मा, राहुल स्वरूप, सनो टाक, निर्मला वैष्णव, सुनीता वर्मा आदि मौजूद थे। एसडीएम तोमर को संस्थान के सचिव वेद प्रभा, दिनेश पाराशर व कविता पाराशर ने भागवत गीता भेंट की। कार्यक्रम का संचालन संस्थान वाइस प्रिंसिपल प्रीतम ओझा एवं अनिता सम्मदर ने किया।

Scanned by CamScanner

दैनिक भास्कर अजमेर, बुधवार 18 सितंबर, 2019

# अतिथियों ने पौधे रोपे, दिव्यांगों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



पुष्कर. सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते दिव्यांग बच्चे।

पुष्कर | दिव्यांग सेवा में अग्रणी ज्योतिर्गमय सेवा संस्थान में मंगलवार को सम्मान समारोह व एक पेड़ एक जिंदगी की तर्ज पर कार्यक्रम का आयोजित किया गया।

भारत सेवा आश्रम के महंत गंगानंद महाराज के सानिध्य में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि एसडीएम देविका तोमर व नगर पालिका के ईओ अभिषेक गहलोत ने एक पेड़ एक जिंदगी की तर्ज पर भारत सेवाश्रम परिसर में ट्री गार्ड सहित पौधा रोपण किया। वहीं संस्थान के दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर पर्यावरण व जल संरक्षण का संदेश दिया। संस्थान की सचिव वेदप्रभा निमरानीया ने दिव्यांग बच्चों के लिए संस्थान की ओर से किए जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी दी। संस्थान के अध्यक्ष जुगल किशोर सेन ने अतिथियों का अभिनंदन किया।

संस्थान की सचिव वेद प्रभा, सदस्य दिनेश पाराशर व कविता पाराशर ने एसडीएम तोमर को भागवत गीता भेंट की। कार्यक्रम में पूर्व पालिकाध्यक्ष जनार्दन शर्मा, पंडित कैलाशनाथ दाधीच, सामाजिक कार्यकर्ता अरुण पाराशर, चेतन खत्री, अभिषेक शर्मा, मीनू शर्मा, माधुरी शर्मा, राहुल, निर्मला वैष्णव, सुनीता वर्मा आदि उपस्थित थे। संचालन संस्थान के वाइस प्रिंसिपल प्रीतम ओझा एवं अनीता सम्मदर ने किया।

Scanned by CamScanner

DainikBhaskar.com अजमेर, शनिवार, 14 सितंबर, 2019

# विदेशी पर्यटकों ने दिव्यांगों को बांटी खुशियां

सिटी रिपोर्टर | पुष्कर



वामदेव रोड पर सेवाश्रम में दिव्यांगों के लिए संचालित ज्योतिर्गमय सेवा संस्थान में इजराइल से पुष्कर घूमने आए विदेशी पर्यटकों ने संस्थान का अवलोकन किया। ये पर्यटक इजराइल में दिव्यांग बच्चों के विशेष शिक्षक हैं।

शिक्षकों द्वारा प्रतिदिन ली जा रही संगीत व शिक्षण प्रशिक्षण कक्षाओं की विशेष व्यवस्थाओं को देखकर विदेशी शिक्षक खूब प्रभावित हुए। ज्योतिर्गमय सेवा संस्थान में वोकेशनल, संगीत, नृत्य, और अन्य गतिविधियों को देखकर प्रभावित हुए बच्चों की अन्य गतिविधियां देखकर राजस्थानी वाद्य यंत्र मोर चंग व अलगोचा पर पर नागिन की धुन बजाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

संस्थान की सचिव वेदप्रभा निमरानिया संस्थान के सदस्य दिनेश पराशर व शिक्षिका कविता पराशर, डांस शिक्षिका मीनू शर्मा संस्थान के उप प्रधानाध्यापक प्रीतम ओझा, विशेष शिक्षक राहुल वर्मा व शारदा सिंगोदिया, अनिता सम्मदर, शर्मा माधुरी मौजूद रहे।

Scanned by CamScanner

पत्रिका सिटी सरोकार
अजमेर, गुरुवार, 17 अक्टूबर, 2019

- भारत सेवाश्रम संघ की ओर से दीपावली पर्व पर होगा आयोजन

# दो हजार छात्र-छात्राओं को देंगे फैंसी ड्रेस

सिटी रिपोर्टर | पुष्कर



Scanned by CamScanner

राष्ट्रदूत अजमेर, 17 अक्टूबर, 2019

## दिव्यांगों को ड्रेस वितरित

पुष्कर @ पत्रिका. यहां स्थित भारत सेवाश्रम संघ की ओर से दिव्यांग सेव
में अग्रणी ज्योतिर्गमय सेवा संस्थान के नियमित 55 दिव्यांग छात्र-छात्राअ



को महंत गंगानंद ए
जयनाथानंद ने ड्रेसें वितरि
की। इससे पहले स्वाम
जयनाथानंद का स्वागत किय
गया। संस्थान की सहयोग
चंद्रकांता शर्मा, उपाध्य
लितिशा शर्मा, कविता पाराश
उपस्थित रहे। मंच संचाल
प्रीतम ओझा ने किया
संचालिका वेदप्रभा ने बता
कि जयनाथानंद की ओर
पुष्कर व आसपास के क्षेत्र
सरकारी विद्यालयों व जरुरतमंदों को भी ड्रेसें वितरित की जाएगी।
अक्टूबर को प्रातः 11 बजे सीनियर सैकण्डरी बॉयज स्कूल के सभी विद्यार्थि
को ड्रेस वितरित होगी।

## स्कूल में फैंसी ड्रेस वितरित



पुष्कर,(निसं)। पुष्कर भारत सेवाश्रम संघ द्वारा किये गए सेवा कार्यों में आज राजकीय सीनियर सैकण्डरी स्कूल पुष्कर, राजकीय केन्द्रीय विद्यालय पुष्कर, आंगनवाड़ी केन्द्र ,राजकीय छात्रावास, राजकीय रातिढांग विद्यालय अजमेर में बच्चों को ड्रेस वितरण की गई। ये सेवा कार्य महंत स्वामी गंगानंद एवं स्वामी जय नाथानंद के सानिध्य हुआ। पूर्व पालिका अध्यक्ष जनार्दन शर्मा, ज्योतिर्गमय सेवा संस्थान की सचिव वेद प्रभा नीमरानिया एवं पूर्व शिक्षाविद श्यामसुंदर आचार्य, अशोक तिवारी के सहयोग से पूर्ण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राजकीय सीनियर सैकण्डरी स्कूल पुष्कर से की गई। जहां विद्यालय की प्रिंसिपल निशा वाजा ने सभी सहयोगियों व भारत सेवाश्रम की ओर से पधारे अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया तथा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। राजकीय केन्द्रीय विद्यालय (सैंटर शाला) कि प्रधानाध्यापक सविता पाराशर ने भी स्टाफ का बच्चों को भारत सेवाश्रम से परिचय करवाकर ड्रेस वितरण कार्यक्रम संपन्न किया। कार्यक्रम में सभी उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं ने सहयोग किया।

राष्ट्रदूत अजमेर, 1 फरवरी, 2020

## दिव्यांग बच्चों ने वसंतोत्सव पर की सरस्वती आराधना

पुष्कर | ज्योतिर्गमय सेवा संस्थान में शुक्रवार को दिव्यांग बच्चों ने धूमधाम से मां सरस्वती का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया। सचिव वेद प्रभा ने बताया कि दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए संस्थान में सभी प्रकार के उत्सव व कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। शुक्रवार को मां सरस्वती का जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर पंडित दिनेश शास्त्री के आचार्यत्व व महंत गंगानंद एवं जयनाथा नंद की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोचारण के बीच मां सरस्वती का किया गया। इसके बाद दिव्यांग बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में कविता पाराशर, प्रधानाध्यापक प्रीतम ओझा, राहुल वर्मा शारदा सिंगोदिया

दैनिक नवज्योति
अजमेर, बुधवार, 25 दिसम्बर 2019

## दिव्यांग बच्चों ने किया क्रिसमस सेलिब्रेट



पुष्कर। दिव्यांग सेवा में अग्रणी ज्योतिर्गमय सेवा संस्थान पुष्कर मे मंगलवार को क्रिसमस डे एवं सांस्कृतिक सप्ताह का समापन समारोह भारत सेवाश्रम संघ में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान चालीसा से की गई। इसके पश्चात क्रिसमस डे के उपलक्ष्य पर ईसा मसीह का जन्म दिवस एवं सांता क्लॉज की शिक्षाओं के बारे में बता कर दिव्यांग बच्चों को सांता बनाकर खुशियां बांटी गई। सांता ने बच्चों को टॉफी व उपहार दिए। सांस्कृतिक सप्ताह के समापन पर दिव्यांग बच्चों को अजमेर में म्यूजियम एवं सुभाष उद्यान की सैर कराई गई। समापन समारोह का मुख्य अतिथि दिव्यांग अभिनव शर्मा को बनाया गया। शिवरतन शर्मा ने बच्चों को भोजन वितरित किया। इस अवसर पर संस्थान अध्यक्ष जुगल किशोर, लिपिका शर्मा, वेद प्रभा नीमरापा, दिनेश पाराशर, प्रीतम ओझा, राहुल वर्मा, शारदा सिंगोदिया, निर्मला वैष्णव, मीनू शर्मा, सुनीता वर्मा, गंगाराम गुर्जर, हरि सिंह आदि उपस्थित थे।

Scanned by CamScanner

दैनिक नवज्योति
अजमेर, बुधवार, 1 अप्रैल 2020



दिव्यांग परिजनों को खाद्य सामग्री वितरित करते प्रतिनिधि।

## 16 दिव्यांग परिवारों को बांटी राशन सामग्री

पुष्कर। [illegible] ... करा रहे है। दिव्यांग सेवा में अग्रणीय ज्योतिर्गमय सेवा संस्थान की ओर से मंगलवार को गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले 16 दिव्यांग परिवारों को 10 दिन की राशन सामग्री वितरित की गई। संस्थान की सचिव वेद प्रभा [illegible] ने बताया कि प्रत्येक परिवार को 10 किलो आटा, 2 किलो दाल, 1 किलो तेल, [illegible] सामग्री वितरित की।

Scanned by CamScanner

दैनिक नवज्योति
अजमेर, बुधवार, 12 अगस्त 202

## दिव्यांग बच्चों ने अधिकारियों को भेजी राखी

पुष्कर। दिव्यांगजनों की सेवा में अग्रणी ज्योतिर्गमय सेवा संस्थान द्वारा मंगलवार को रक्षाबंधन पर्व व जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। कोविड 19 के चलते दिव्यांग बच्चों ने प्रशासनिक अधिकारियों एवं सहयोगियों को राखी भिजवाई। शारदा सिंगोदिया, प्रीतम ओझा व राहुल वर्मा ने उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह राठौड़, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी श्रीमती कीर्ति कुमावत व थानाधिकारी राजेश मीणा को दिव्यांग बच्चों द्वारा भेजी गई राखी बांधी। साथ वहां उपस्थित अन्य कर्मचारियों एवं संस्थान के सहयोगी चेतन खत्री, भरत ताराचंदानी, महावीर गुर्जर आदि ने सम्बंधित कार्यालयों एवं प्रतिष्ठानों पर जाकर राखी बांधी।



अजमेर, शनिवार 1 फरवरी 2020 3

# ज्योतिर्गमय सेवा संस्थान में बसंत उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया



पुष्कर ( कासं )। दिव्यांग सेवा में अग्रणी ज्योतिर्गमय सेवा संस्थान पुष्कर के दिव्यांग बच्चों ने धूमधाम से मां सरस्वती का जन्म दिवस मनाया। संस्थान के सचिव वेद प्रभा ने बताया कि दिव्यांग बच्चों को समाज के मुख्यधारा में जोड़ने के लिए संस्थान में सभी प्रकार के उत्सव व कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं उसी के तहत भारत सेवाश्रम परिसर मे विद्या और ज्ञान की देवी मां सरस्वती का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया जिसमें सर्वप्रथम परिसर के मंदिर में मां सरस्वती का पूजन विधि विधान एवं मंत्र उच्चारण के साथ पंडित दिनेश जी ने आश्रम के के महंत पूज्य श्री गंगा नंद जी एवं जयनाथा नंद जी की उपस्थिति मे करवाया गया पूजन में सभी दिव्यांग बच्चों एवं कार्यरत स्टाफ ने भाग लिया एवं पूजन किया पूजन के उपरांत सभी बच्चों को तिलक लगाकर आरती व नेवेध्य लड्डू का प्रसाद दीया ।

दैनिक भास्कर, अजमेर, रविवार, 22 दिसंबर, 2019

# प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों ने दिखाया उत्साह



पुष्कर | भारत सेवाश्रम में संचालित ज्योतिर्गमय सेवा संस्थान में आयोजित सांस्कृतिक व खेलकूद सप्ताह के दूसरे दिन शनिवार को जलेबी रेस, कंचा दौड़ म्यूजिकल चेयर आदि खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें संस्थान के दिव्यांग बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

संस्थान की सचिव वेद प्रभा निमरानिया ने बताया कि सप्ताह के पहले दिन शुक्रवार को लंबी कूद, म्यूजिकल रिंग एवं रन फॉर निरोग कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोमवार को बच्चों को पारंपरिक व धार्मिक शिक्षाप्रद फिल्में दिखाई जाएंगी। इसके साथ ही गायन व नृत्य प्रतियोगिता होगी। मंगलवार को अजमेर के धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

कुल पृष्ठ 24 | मूल्य ₹ 4.50 | वर्ष 15 अंक 249 राजस्थान

अजमेर, शनिवार, 14 दिसंबर, 2019 | पौष, कृष्ण पक्ष 2, 2076

## दिव्यांग बच्चों को गर्म कपड़े बांटे



अजमेर| जोगणियां धाम पुष्कर संस्थापक भंवर लाल की प्रेरणा से श्रद्धालु महेंद्र विक्रम सिंह एवं उनकी पत्नी मृणालिका सिंह ने अपनी पुत्री की विवाह वर्षगांठ व दोहिती के जन्मदिन पर पुष्कर में संचालित ज्योतिर्मय सेवा संस्थान के 52 दिव्यांग बच्चों को गरम कपड़े बांटे तथा उनको भोजन करवाया। जोगणियां धाम संस्थापक के छोटे भाई रमेश कुमार के जन्मदिन पर केक काटकर बच्चों को खिलाया। पार्षद उमा दगदी, पार्षद टीकम शर्मा तथा संजय दगदी, अल्का ओम प्रकाश, चंद्रा, काकिसा, महावीर शर्मा, खुशाली वर्मा, खुशी वर्मा एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

इसी प्रकार मीनू स्कूल चाचियावास में स्वेटर वितरण व स्कूल यूनिफार्म कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुरेंद्र अग्रवाल मार्बल व्यवसायी द्वारा किया गया। संस्था सचिव व मुख्य कार्यकारी क्षमा आर कौशिक ने बताया कि विद्यालय के 42 दिव्यांग बच्चों को स्वेटर व 6 दिव्यांग बच्चों को स्कूल यूनिफार्म दिए गए। मुख्य अतिथि सुरेंद्र अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। इन बच्चों से जुड़ना बहुत अच्छा लग रहा है। संस्था सम्मिलित शिक्षण प्रशिक्षण और वोकेशनल ट्रेनिंग के माध्यम से रोजगार से जोड़ने का कार्य कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### दिव्यांग जन सेवा में भूरी देवी को व्हीलचेयर भेट



पुष्कर (हुक्मनामा समाचार)।दिव्यांग जन सेवा में जन सहयोग से अग्रणीय रूप में कार्यरत ज्योतिर्गमय सेवा संस्थान पुष्कर द्वारा कोठी निवासी भूरी देवी उम्र 42 वर्ष को व्हीलचेयर भेट की गई । भूरी देवी की 6 माह पुर्व पेड़ से गिरने के कारण रीड की हड्डी टूट गई है जिसका ऑपरेशन भी करवाया गया परन्तु अब सीर्फ बैठ सकती है खडा होना व चलना नही कर सकती । संस्थान के संरक्षक स्वामी श्री गंगानद जी के हाथो व्हील चेयर भेट की गई ।

---

दैनिक भास्कर

### बांसवाड़ा जिला 09-09-2020

रह से मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गांगड़तलाई बसंत नीनो की अध्यक्षता में सीबीईओ कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया। डॉक्टर भंवरलाल पटेल की अध्यक्षता में सीएचसी गांगड़तलाई परिसर में पौधरोपण किया। राप्रावि खूंटी जालमिया और राप्रावि खूंटी कानजी में भी पौधरोपण किया। अवसर पर विकास अधिकारी दलवीरसिंह ने बताया कि जीवन में कम से कम दस पौधे अवश्य लगाने चाहिए। वजीर खां पठान उपशाखा मंत्री ने बताया कि पौधरोपण कार्यक्रम में संगठन की ओर से अध्यक्ष कान्तिलाल पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामलाल डिंडोर, वरिष्ठ कार्यकर्ता रज्जाक शेख, सरदार कटारा, पूनमचंद आदि मौजूद रहे।




**बागीदौरा**। ज्योतिर्गमय सेवा संस्थान पुष्कर की बांसवाडा शाखा के द्वारा बागीदौरा तहसील कार्यालय परिसर मे वृक्षारोपण किया गया। परिसर में नीम, पीपल एवं पारस पीपल के पौधे तहसीलदार साहब शान्तिलाल जैन के द्वारा,संस्थान के प्रभारी एडवोकेट पुष्पेन्द्र त्रिपाठी, एडवोकेट मनोज कलाल, एडवोकेट रवी पटेल,नरेश पटेल, विकेश पाटीदार के द्वारा लगाये गए। नवल मिश्रा, हरीश कलाल,प्रवीण, ललित पाटीदार ने सहयोग किया।संस्थान के प्रभारी एडवोकेट पुष्पेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि संस्थान की ओर से अधिकाधिक पौधे लगाने एवं संरक्षण करने का संकल्प लिया।

---

### सादगी के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह

**संस्थाओं, स्कूलों में एवं मेला ग्राउंड में झंडारोहण हुआ**



पुष्कर (हुक्मनामा समाचार)।कार्यक्रम में राष्ट्रगान के साथ देश भक्ति गीत गाये गए । पुष्कर के मेला मैदान में एसडीएम दिलीप सिंह ने तिरंगा फहराया।इस दौरान पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री नसीम अख्तर भी मौजूद रही । इस बार स्कूलों के छात्र छात्राओ को आमंत्रित नहीं किया गया। जबकि स्कूले के अध्यापक मौजूद थे। अध्यापकों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। ज्योतिर्गमय सेवा संस्थान (दिव्यांग जन सेवा में कार्यरत )में सामाजिक कार्यकर्ता अरुण पाराशर ,पूर्व चेयरमैन जनार्दन शर्मा ,स्वामी श्री जय नाथा आनंद (भारत सेवाश्रम संघ )पत्रकार दिनेश पाराशर, कविता पराशर एवं सचिव वेद प्रभा निमरानीया ,मीनल शर्मा ,प्रीतम ओझा ,राहुल वर्मा उपस्थित रहे ।माहेश्वरी सेवा सदन में वेणु गोपाल मंत्री ने पुष्कर के राजकीय अस्पताल में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ महेश दर्शन कालरा ने पुष्कर थाने में थानाधिकारी राजेश मीणा ने झंडारोहण किया।

---



### तोमर ने झंडा रोहन के साथ दिया एक पौधा

## पुष्कर में ऑनलाइन योग-प्राणायाम शिविर शुरू



पुष्कर | ज्योतिर्गमय सेवा संस्थान की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 15 दिवसीय ऑनलाइन योग शिविर रविवार को शुरू हुआ। पहले दिन सुबह 7 से 8 बजे तक योगाभ्यास कराया गया। संगीत एवं योग गुरु दिनेश पाराशर ने बताया कि इस मौके योग शिक्षक प्रीतम ओझा ने आसन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. अंजु चौहान ने स्वस्थ रहने गुर बताए। इस अवसर पर अमृतधारा गोली का वितरण किया।

## आज भी संस्थान द्वारा की राशन सामग्री वितरित

### लॉक डाउन से ही सेवा कार्य जारी है

**पुष्कर ( हुक्मनामा समाचार )।** दिव्यांग जन सेवा में अग्रणीय ज्योतिर्गमय सेवा संस्थान पुष्कर द्वारा वैश्विक महामारी कोरोना के अंतर्गत लोक डाउन में भोजन की समस्या का सामना कर रहे परिवारों को पुष्कर व पुष्कर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्र अजमेर जिले के ग्रामीण क्षेत्र एवम बांसवाड़ामें संचालित ब्रांच के माध्यम से वहा भी एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में राशन सामग्री दी गयी । ज्योतिर्गमय सेवा संस्थान के सचिव वेद प्रभा निमरानीया ने बताया कि सामग्री में आटा, दाल नमक शक्कर, तेल ,धनिया हल्दी, मिर्ची ,कपड़े धोने एवं नहाने का साबुन दिये गये ।जिससे लोग डाउन को मार झेल रहे परिवारों की सामान्य जरूरत पूरी हो सके ।पुष्कर व पुष्कर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के दिव्यांगजन परिवार को आवश्यकता अनुसार उपरोक्त राशन सामग्री का वितरण 3 से 4 बार नियमित रूप से किया गया ।



साथ ही जरूरतमंद सामान्य परिवारों को भी राशन सामग्री का वितरण किया गया पुष्कर क्षेत्र के गांव किशनपुरा , मोतीसर, भगवानपुरा, कोठी नायकों की ढाणी ,चंडीगढ़ ,गोवलिया ,देवरा, पाबूजी की ढाणी, बाभियों की ढाणी, पावर हाउस की ढाणी , महागुरु आश्रम के पास की बस्ती मे सेवा कार्य किए गए हैं । संस्थान दिव्यांग जन व जरूरतमंद परिवारों हेतु हमेशा तत्पर है सेवा कार्य नियमित चल रहा है ।

संस्थान के कार्यकर्ताओं कर्मचारियों द्वारा यह सेवा कार्य घर घर जाकर प्रशासनिक नियमों का पालन करते हुए सावधानी व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किया गया ।तथा सहायता ले रहे परिवारों को भी सुरक्षित रहने की सलाह दी गई ।

राशन सामग्री के अलावा दिव्यांगजन परिवारों के जरूरतमद दिव्यांग बच्चों हेतु कपडे ओर स्टेशनरी का सामान भी दिया । रजिस्टर्ड बच्चों को विशेष अध्यापको, शारिरीक व वाक् चिकित्सको द्वारा [illegible] व विभिन्न गतिविधिया फोन के माध्यम से करवाई जा रही है ।ताकि दिव्यांग बच्चो को पिछड़ने से बचाया जा सके ।

ज्योतिर्गमय सेवा संस्थान द्वारा दिव्यांग जन सेवा एवं दिव्यांग जनों को आत्मनिर्भर बनाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है संस्थान द्वारा संपूर्ण सेवा कार्य निशुल्क किया जाता है ।संस्थान में कार्यरत कर्मचारीयो को लोक डाउन के अंतर्गत भोजन सामग्री के साथ वेतन भी दिया गया अजमेर जिले से बाहर के कर्मचारीयो को उनको रहने की व्यवस्था भी कार्य दिवस की तरह ही रखी गयी ।

# धन्यवाद